## 11. एक यात्रा यह भी

### स्वाध्याय

**लेखक को ग्लालियर क्यो जाना पड़ा ?**

- लेखक को एक डॉक्टर से मिलने के लिए ग्वालियर जाना पड़ा

**लड़की ने मोहन से घिघियाते हुए क्या कहा ?**

- लड़की ने घिघियाते हुए मोहन से कहा, "मुझे बचा लो ।"

**मोहन लड़की से विवाह करने क्यो तैयार हो गया ?**

- लड़की सुंदर और परिचित थी | शादी न करे तो उसकी जिंदगी खतरे में पड़ने की संभावना थी | इसलिए मोहन उससे विवाह करने के लिए तैयार हो गया |

**थानेदार की क्या विशेषता थी ?**

- थानेदार की यह विशेषता थी की वह कवि भी था और उसकी कविताए मानवीय संवेदना से भारी होती थी |

**मोहनने ज्यादा पैसे लेने से क्यो इन्कार किया ?**

- मोहन ने ज्यादा पैसे लेने से इन्कार किया, क्योकी लेखक दंपति से मिल प्रेम उसके लिए पैसों से बढ़कर था |

Get More Learning Materials Here : CLICK HERE www.studentbro.in

## लेखकने ऑटो वाले की बात को स्वीकृति क्यो दी ?

- लेखकनी ऑटोवाले की जिद और आवाज में एक प्रकार का आकर्षण महसूस किया | उससे प्रभावित होकर उन्होने उसके रिक्षा में बैठने की स्वीकृति दी |

## मोहन कि पारिवारिक स्थिति क्या थी ?

- मोहन का घर आगरा में था | माँ-बाप के गुजर जाने के बाद भाई ने उसकी परवरिश की थी | बड़ा भाई वकील था और शादीशुदा था | मोहन बी.ए.पास करने के बाद नौकरी खोज रहा था |

## लड़की किस बात के लिए तैयार नही थी ? क्यो ?

- लड़की के माँ-बाप उसे अक अधेड़ के हाथ बेच रहे थे | लड़की उसस खूसट के साथ जाने को तैयार नही थी, क्योकि उससे उसकी जिंदगी बरबाद होने की संभावना थी |

## लेखक मोहन को 'बहुत बड़ा' क्यो बताते है ?

- बड़े-बड़े लोग नारी-हित की बांते करते है, पर उन्हे व्यवहार में नही लाते | इसके बदले मोहन ने एक लड़की को पत्नी बनाकर उसे दुर्दशाग्रस्त होने से बचा लिया | इसी मानवातापूर्ण साहस के कारण लेखक उसे 'बहुत बड़ा' बताते है |

## लेखक यात्रा से क्यो डरते थे ?

- लेखक यात्राप्रिय नही थे | यात्रा पर निकलते समय वे सोचते की रास्ते में न जाने कैसे-कैसे लोग मिलेंगे | नए शहर के लोगो का कैसा व्यवहार होगा | सबसे अधिक परेशानी उन्हे ऑटोवालो के बारे में सोचकर होती थी | नए शहर के ऑटोवाले मनमाना किराया मांगेगे | इन्ही कारणो से लेखक यात्रा से डरते थे |

Get More Learning Materials Here : CLICK HERE www.studentbro.in

### लेखक के साथ मोहन ने अपनापन कैसा जताया ?

- मोहन ने शरू से ही अपने प्रेमपूर्ण व्यवहार से लेखक का दिल जीत लिया था | वह लेखक को 'बाबूजी' और उनकी पत्नी को 'अम्मा' कहता था | स्टेशन पर विदा होते समय लेखक ने उसे पाँच सौ रूपए देने चाहे तो मोहन ने लेने से इन्कार कर दिया | लेखक और उनकी पत्नी को पाकर उसे लगा जैसे उसे माँ-बाप मिल गए है | उस सुख के सामने उसे पारिश्रमिक के पैसे लेना तुच्छ लगा | पारिश्रमिक के पाइसे लेने में उसे अक तरह का परायापन महसूस हुआ | लेखक को अपना फोन नंबर देकर उसने उनसे संपर्क बनाए रखने का आग्रह किया |
- इस प्रकार लेखक के साथ मोहन ने अपनापन जताया |

### मोहन का चरित्र कीजिए |

- मोहन बी.ए.पास एक सुशिक्षित युवक है | उसकी आकर्षक और अपनेपन से भरी वाणी परायों को भी अपना बना लेती है | वह धन से अधिक आत्मय संबंधो को महत्व देता है | संकट में पड़ी एक लड़की को अपनाकर वह अपने साहस और मानवता का परिचय देता है | उसे अपनाने में वह अपने पारिवारिक रिश्ते की बली देने में भी संकोच नही करता | अपने इन्ही गुणो के कारण मोहन लेखक की नजरो में बहुत ऊंचा उठ जाता है |

## निम्नलिखित विधान किसने, किससे और क्यो कहे ?

### 1 "इससे विवाह करना प्रीतिकर भी होगा और मानवीय भी |"

### 2 "भाई हर क्षेत्र में कोई न कोई मसीहा दिखाई पड़ ही जाता है |"

### 3 "मुझे इतना पराया न कीजिए, बाबूजी |"

- 1 "इससे विवाह करना प्रीतिकर भी होगा और मानवीय भी |"

Get More Learning Materials Here : CLICK HERE www.studentbro.in

- यह विधान मोहन ने थानेदार से कहा, क्योकि लड़की सुंदर और परिचित थी |

- 2 "भाई हर क्षेत्र में कोई न कोई मसीहा दिखाई पड़ ही जाता है |"
- यह विधान लेखक ने मोहन से कहा है, क्योकि थानेदार ने लड़की की शादी कराने में मदद की थी |
- 3 "मुझे इतना पराया न कीजिए, बाबूजी |"
- यह विधान मोहन ने बाबूजी से कहा है, क्योकि वे मोहन को आग्रह कर परिश्रमिक दे रहे थे |

### ऑटोवाले ने लेखक को नई जगह पर पहुचा दिया, क्योकि...

A. लेखक को दुसरी जगह घूमने जाना था |

B. वहा डॉक्टर हाजिर नही था |

C. डॉक्टर ने क्लीनिक की जगह बदल दी थी |

- C.डॉक्टर ने क्लीनिक की जगह बदल दी थी |

### बात करते हुए मोहन रुक गया और चुप्पी-सी छा गई, क्योंकि ...

A. कोई अवांछित घटना घटी थी |

B. नौकरी की तलाश में उसे आगरा से भटकते हुए ग्वालियर आना पड़ा |

C. उसे एक लड़की मिल गई |

- A.कोई अवांछित घटना घटी थी |

Get More Learning Materials Here : CLICK HERE www.studentbro.in

### लेखक को मोहन की बात कहानी-कथा सुन रहे हो ऐसी लगी, क्योंकि....

A. लेखक सोचने लगे की कोई थानेदार ऐसा सहड़ व्यवहार कर सकता है ?

B. लेखक को मोहन की बात पर विश्वास नही आ रहा था |

C. मोहन कोई कहानी सुना रहा था |

- A.लेखक सोचने लगे की कोई थानेदार ऐसा सहड़ व्यवहार कर सकता है ?

### मोहन ने ज्यादा पैसे लेने से इन्कार कर दिया, क्योकि....

A. मोहन चाहता था की उसे इतना पराया न समझा जाय |

B. वह परिश्रम से ज्यादा पैसे लेने के पक्ष में नही था |

C. वह चाहता था की लेखक दुबारा ग्वालियर आए तो उसके ही ऑटो का उपयोग करे |

- मोहन चाहता था की उसे इतना पराया न समझा जाय |

## निम्नलिखित मुहावरोका वाक्य में प्रयोग कीजिए |

### 1 पाला पड़ना –

### 2 असमंजस में पड़ना –

### 3 दामन थाम लेना -

- 1 पाला पड़ना – संबंध जुड़ना
- वाक्य – मुझे पता नही था की तुम जैसे लोगो से मेरा पाला पड़ेगा |

Get More Learning Materials Here : CLICK HERE www.studentbro.in

- 2 असमंजस में पड़ना – उलझने मे पड़ जाना, निर्णय न कर पाना
- वाक्य – आप कहा जा रहे हो, पुछने पर वो असमंजस में पड़ गए ।

- 3 दामन थाम लेना -आश्रय लेना
- वाक्य – बड़े भाई का दामन थामकर वह शहर में रहने लगा ।

## विरोधी शब्द दीजिए |

**1 वांछित**

**2 परिचित**

**3 समस्या**

**4 मसीहा**

**5 प्रीति**

**6 संतोष**

**7 शोषण**

Get More Learning Materials Here : CLICK HERE www.studentbro.in

- 1 वांछित – अवांछित
- 2 परिचित – अपरिचित
- 3 समस्या – समाधान
- 4 मसीहा – शैतान
- 5 प्रीति – नफरत
- 6 संतोष – खुशी
- 7 शोषण – पोषण

Get More Learning Materials Here : CLICK HERE www.studentbro.in